तेरे अहसान का बदला चुकाया जा नहीं सक्ता...2
प्यार ऐसा दिया तुने भुलाया जा नहीं सक्ता

अगर मुझको न तु मिलता मेरा मुश्किल गुजारा था
जो पहुँचा है बुलंदी पर वो इक टुटा सितारा था
तेरी उल्फत को इस दिल से भुलाया जा नही सक्ता

मेरी हर श्वास पर दाता फक्त अधिकार तेरा है
मिला जो भी मिला तुझसे मेरा क्या था, क्या मेरा है
तुझे दुनिया की दौलत से रिझाया जा नही सक्ता

बडी उँची तेरी रहमत बडी छोटी जुबान मेरी
तुझे दाता समझ पाऊँ ये हस्ती है कहाँ मेरी
तेरी रहमत को शब्दो में सुनाया जा नही सक्ता

जगत जिवन ये साया है तु ही मेरी इनायत का
मुझे तो शौक दुनिया में सदा तेरी इबादत का
बिना तेरे इस जिवन को सजाया जा नही सक्ता

तर्ज : मुझे तेरी मुहब्बत का सहारा मिल गया होता